# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 13 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 29 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## हमीरगढ़ पुलिस की कार्रवाई: अवैध स्मैक तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 ग्राम स्मैक पाउडर, एक स्विफ्ट कार जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर कार्रवाई थाना अधिकारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई है ।

हमीरगढ़ पुलिस ने बताया की 27 जून को एनएच-48 चित्तौड़गढ़ से भीलवाड़ा की तरफ़ जाने वाले रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक सफेद स्विफ्ट कार को रोका, जिसमें तीन युवक सवार थे। पुलिस को देखकर चालक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन टीम ने तत्परता से बैरिकेड लगा उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से 21 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद हुआ।



भीलवाड़ा : पुलिस हिरासत में आरोपी

आरोपीगण स्मैक को भीलवाड़ा ले जाने की फिराक में थे। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने अरबाज खान पुत्र हबीब खान (21 वर्ष), निवासी लेबर कॉलोनी, थाना प्रतापनगर, भीलवाड़ा , अपसर अली पुत्र इदरिश खान (23 वर्ष), निवासी गुलाबपुरा, थाना गुलाबपुरा, भीलवाड़ा एवं परवेज खान पुत्र नजीर खान (20 वर्ष), निवासी जवाहर नगर, थाना प्रतापनगर, भीलवाड़ा को हिरासत में लेते हुए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है और स्मैक की सप्लाई चैन की जांच की जा रही है।

## कार में महिला के साथ घूमने निकले, मादक पदार्थ लेकर जाते समय बेगूं पुलिस ने हाईवे-27 पर घेराबंदी कर पकड़ा

### 137 किलो डोडा चूरा बरामद, हरियाणा के दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ / भीलवाड़ा**

बेगूं पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 137 किलो 300 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर मेनाल के पास नाकाबंदी के दौरान की गई। तस्कर एक स्कोडा कार से भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया।

### लाइट बंद कर भागे, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा

पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में टीम ने हाईवे पर चेकिंग के दौरान एक सफेद स्कोडा कार को रावडदा रोड की ओर भागते देखा।

कार में सवार दोनों तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर लाइट बंद कर फरार होने लगे, मगर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उन्हें दबोच लिया।



चित्तौड़गढ़: पुलिस हिरासत में तस्कर

### महिला के साथ यात्रा कर बचना चाहते थे शक से ;

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामकेश गौड़ (40), निवासी कैथल (हरियाणा) और चिक्की गुप्ता (28), निवासी अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि चिक्की, रामकेश के दोस्त प्रिंस की पत्नी और उनकी धर्म बहन है। दोनों 26 जून को हरियाणा से घूमने के बहाने चित्तौड़गढ़ आए थे और वापसी में मादक पदार्थ लेकर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, महिला को साथ लाने का उद्देश्य शक से बचना था।

### कार की तलाशी में मिले 9 कट्टे :

कार की तलाशी लेने पर उसमें से 9 प्लास्टिक कट्टों में भरा हुआ डोडा चूरा मिला, जिसका कुल वजन 137.3 किलोग्राम था। पुलिस ने कार को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बिना अनुज्ञापत्र के अवैध उर्वरक के कारोबार पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

### कालसास गांव में नकली खाद जब्त, एफसीओ अधिनियम के उल्लंघन पर मामला दर्ज



भीलवाड़ा : कालसास गांव में जब्त नकली खाद के साथ कृषि अधिकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर प्रदेशभर में नकली, अवैध उर्वरक, बीज और कीटनाशकों पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में भीलवाड़ा जिले की बनेड़ा पंचायत समिति के ग्राम कालसास में कृषि विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अनुज्ञापत्र रहित 19 बैग नकली जैव उर्वरक जब्त किए।

### टायर पंचर की दुकान पर बिक रही थी खाद -

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार विनोद कुमार जैन ने बताया कि संयुक्त निदेशक कृषि (गुण नियंत्रण) के.के. मंगल के निर्देशन में जिले में संचालित गुण नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। ग्राम कालसास में नकली खाद की बिक्री की सूचना पर विभागीय टीम शाम 7 बजे मौके पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान मिश्री नाथ पुत्र कजोड़ नाथ की टायर पंचर की दुकान पर ÷नव किसान बायोकेम, झालर की घाटी, कानपुर मादड़ी, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर द्वारा आपूर्ति किए गए 19 बैग जैव/ऑर्गेनिक उर्वरक पाए गए।

### एफसीओ अधिनियम का उल्लंघन, खाद जब्त -

प्रथम दृष्टया ये उर्वरक गलत पैकिंग विवरण तथा बिना वैध अनुज्ञापत्र के रखे हुए पाए गए, जो एफसीओ 1985 की धारा 7, 8 एवं 19 (C)(ii) का उल्लंघन है। इस पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए । सभी उर्वरक बैग जब्त कर

ग्राम सेवा सहकारी समिति, खेडलिया को सुपुर्द किया गया। इस दौरान नमूने परीक्षण हेतु लिए गए साथ ही संबंधित पुलिस थाना में दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई

### ये अधिकारी रहे मौजूद -

कार्रवाई में उषा मीणा - सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) , किशन गोपाल जाट - सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) , रमेश चौधरी - कृषि अधिकारी (सामान्य), प्रभुलाल जाट - कृषि अधिकारी (फसल) , भगवत सिंह राणावत - कृषि अधिकारी (पौ.सं.) अन्य विभागीय कर्मचारी भी टीम में शामिल रहे ।

### कृषकों से अपील -

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि बायो डीएपी या बायो एनपीके को डीएपी के नाम पर बेचने वाले लोगों से सावधान रहें। किसी भी तरह की अवैध उर्वरक की बिक्री या स्टॉक की सूचना तुरंत नजदीकी कृषि अधिकारी या विभाग को दें।

## मांडलगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई 83 किलो डोडा चूरा एवं कार जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ लाड़पूरा**

**मुकेश माहेश्वरी**

अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत मांडलगढ़ पुलिस को थानाधिकारी शंकर सिंह के नेतृत्व में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक कार से 83 किलो 450 ग्राम डोडा चूरा बरामद कर वाहन स्वीफ्ट डिज़ायर को जब्त किया है। पुलिस ने इस संबंध में एनडीपीएक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मांडलगढ़ : पुलिस द्वारा जब्त डोडा चुरा एवं कार

पुलिस ने बताया की शनिवार को सरदह पदमपुरा के पास नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध कार को रुकवाने का प्रयास किया। कार चालक ने पुलिस को देखकर कार को रोककर नाकाबंदी से पहले घूमाने का प्रयास किया , जिसपर पुलिस ने कार का पीछा किया तो वाहन चालक घबराकर कार छोड़ पदमपुरा के जंगलों में भाग गया । काफी तलाश के बाद भी चालक का कोई पता नहीं चला । कार की तलाशी लेने पर कार में चार कट्टों में डोडा चूरा भरा मिला, जिसका कुल वजन 83 किलो 450 ग्राम पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ कार को जब्त कर अज्ञात चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

## मेहता जी का खेड़ा स्थित देवनारायण मंदिर का दानपात्र तोड़ कर नगदी चोरी



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)**

क्षेत्र के मेहता जी का खेड़ा गांव में स्थित तालाब के पास गुजरिया देवनारायण मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा दानपात्र तोड़कर नकदी चुरा ली गई। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब मंदिर के पुजारी देवा लाल दरोगा सुबह 6 बजे मंदिर की सफाई के लिए पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर में रखा दानपात्र टूटा हुआ है और उसमें रखी नकदी गायब है।

पुजारी देवा लाल ने तुरंत बीगोद थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच प्रारंभ की।

पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है तथा अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कोटड़ी थाना पुलिस ने एक वर्ष पुराने आत्महत्या प्रकरण में पत्नी को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी पति सांवर मल जाट (38) निवासी हाजीवास को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि 16 अगस्त 2024 को हाजीवास में आशा देवी खेत में अचेत मिली थी, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

एफएसएल रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी पति की प्रताड़ना से तंग आकर आशा देवी ने यह कदम उठाया। मामले में महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।



# प्रबोधक संघ ने किया नवनियुक्त सीबीईओ पारीक का स्वागत



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा कोटड़ी में नव पदस्थापित सीबीईओ अशोक कुमार पारीक का शुक्रवार को प्रबोधक संघ के जिलाध्यक्ष किशन सिंह राठौड़ एवं ब्लॉक अध्यक्ष देवराज सिंह के नेतृत्व में उपस्थित हो कर माला, साफा पहनाया तथा मुंह मीठा करा स्वागत अभिनन्दन किया। साथ ही प्रबोधकों को वरिष्ठ प्रबोधक के लिए विभाग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेजों में ब्लॉक के कुछ प्रबोधकों के नाम नहीं आने तथा विद्यालयों में अवकाश के चलते एसीआर पर पीईओ के हस्ताक्षर कराने में आ रही समस्याओं को रखा। इस दौरान प्रबोधक संघ के गोपाल गाडरी, श्रीदयाल सिंह, युनुस परवेज मेवाती, भंवर लाल स्वर्णकार, भैरू लाल, पीरू मोहम्मद सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे ।

# धाकड़ महासभा बिजौलिया की तहसील कार्यकारिणी घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

श्री धाकड़ महासभा राजस्थान की अनुशंसा पर तहसील अध्यक्ष प्रेमचंद धाकड़ द्वारा बिजोलिया तहसील की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर , प्रदेश अध्यक्ष इंद्र सिंह व महिला इकाई अध्यक्ष दीपशिखा एवं जिलाध्यक्ष रामपाल धाकड़ की अनुमति से घोषित की गई । इन कार्यकारिणियों में कुल 35 से सदस्यों को दायित्व सौंपे गए हैं । जिनमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश धाकड़, नरेश धाकड़, महेंद्र धाकड़ , मुकेश धाकड़, नरेश धाकड़, रामफूल धाकड़, नरेश धाकड़ , उपाध्यक्ष राजेश धाकड़, नरेश धाकड़ , नारायण धाकड़, शांति लाल धाकड़, नरेन्द्र धाकड़, शिवलाल धाकड़, प्रकाश धाकड़ , महामंत्री शंभूलाल धाकड़, ओमप्रकाश धाकड़, सुनील धाकड़, राजेश धाकड़ , संगठन मंत्री मनोज धाकड़ , नरेश धाकड़, सुनील धाकड़ , रोशन धाकड़ , राजू धाकड़ , मंत्री राजेश धाकड़ , ओमप्रकाश धाकड़ , सुनील धाकड़ , रामस्वरूप धाकड़ , पप्पू धाकड़ , कोषाध्यक्ष सोहनलाल धाकड़ , गोपाल धाकड़ , प्रवक्ता शिवनंदन धाकड़ सुनील धाकड़ , रोशन धाकड़ एवं मीडिया प्रभारी अर्जुन धाकड़ , बबलू धाकड़ को नियुक्त किया गया है ।

# आनंदपाल सिंह की पुण्यतिथि पर भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर आज

**भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा**

**( सौराज सिंह )**

स्व. आनंदपाल सिंह चौहान सांवराद की आठवीं पुण्यतिथि पर भीलवाड़ा के गायत्री आश्रम सामुदायिक भवन में रविवार को सर्व समाज के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा।

इस अवसर पर आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला व मंजीतपाल सिंह सांवराद मुख्य अतिथि रहेंगे। शिविर में आनंद परिवार सेवा समिति और आनन्दपाल अपघात सेवा समिति द्वारा 1000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें तीन ब्लड बैंक टीम भाग लेंगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में कोठाज सरपंच गोपाल सिंह कानावत, नरेंद्र सिंह गुड्डा, हरिकिशन सिंह कानावत, और सरपंच महावीर सिंह लाम्बा मौजूद रहेंगे। साथ ही मंजीत पाल सिंह भी शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। शिविर के दौरान रक्तदाताओं, प्रतिभाओं और भामाशाहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

# घर से ऑफिस के लिए निकली युवती लापता, मोबाइल स्विच ऑफ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर के सुभाषनगर थाना क्षेत्र से एक 24 वर्षीय युवती लापता हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, युवती 27 जून की सुबह करीब 10:30 बजे स्कूटी से ऑफिस के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने जब संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

अंततः शनिवार को युवती की मां ने सुभाषनगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस अब विभिन्न पहलुओं से जांच करते हुए युवती की तलाश में जुटी है।

## बिजौलियां को कब मिलेगी रेल की पटरी पर दौड़ने की सौगात?

# राजनीतिक इच्छाशक्ति की भेंट चढ़ा रेल सपना, अब सांसद से जगी उम्मीद

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां**

**कमलेश सोनी**

रेल का सफर क्या हमारे नसीब में नहीं? – यह सवाल वर्षों से बिजौलियां और ऊपरमाल क्षेत्र के लोगों के मन में टीस की तरह चुभता रहा है। कोटा-चित्तौड़गढ़ रेल लाइन का जब वर्ष 1981-82 में सर्वे हुआ, तब राजस्थान के मुख्यमंत्री मांडलगढ़ से विधायक शिवचरण माथुर थे। उस समय उम्मीद बंधी थी कि ऊपरमाल को भी रेल का तोहफा मिलेगा, लेकिन हुआ ठीक इसके विपरीत।

### राजनीतिक निर्णय बना रोड़ा -

रेलवे के एक सेवानिवृत्त डीआरएम के अनुसार, पहले रेलवे ने बूंदी-बिजौलियां-बेगूं होते हुए कोटा-नीमच रेल लाइन का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन मुख्यमंत्री माथुर की इच्छा मांडलगढ़ को इस रूट में शामिल करने की थी, जिसके चलते उन्होंने नया सर्वे करवा दिया।




स्थानीय लोगों का कहना है कि ऊपरमाल के किसानों की जमीन और पशुधन को लेकर आपत्तियाँ दिखाकर यह संदेश दिया गया कि बिजौलियां क्षेत्र इस रेल लाइन के लिए तैयार नहीं है। नतीजतन लाइन का रुख मोड़ा गया, जिससे रेलवे को नुकसान ही हुआ – भीमलत के पास सुरंग बनाने में करोड़ों खर्च हुए।

### ऊंदरो का खेड़ा बना 'ऊपरमाल' स्टेशन -

रेलवे ने बिजौलियां से 13 किलोमीटर दूर ऊंदरो का खेड़ा में स्टेशन बनाकर उसका नाम ऊपरमाल रख दिया, ताकि जनता को सांत्वना दी जा सके। लेकिन हकीकत ये है कि इस स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव ही नहीं होता। बिजौलियां को रेल नेटवर्क से बाहर रखने से रेलवे को सेंडस्टोन मालभाड़ा और यात्रियों का भार दोनों में घाटा झेलना पड़ा।

### बेगूं के लिए सांसद जोशी के प्रयास -

चित्तौड़गढ़ सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने बेगूं के लिए कोटा-नीमच रेल रूट का सर्वे रावतभाटा-सिंगोली-बेगूं मार्ग से करवाया, जिससे क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगी है।

### अब उम्मीदें सांसद दामोदर अग्रवाल से -

बूंदी सांसद दामोदर अग्रवाल वर्तमान में रेल मंत्रालय की स्थायी समिति में नामित सदस्य हैं, जो परियोजनाओं, बजट और प्रगति की निगरानी करती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांसद अग्रवाल ने हाल ही में मांडलगढ़-भीलवाड़ा रेल लाइन का सुझाव समिति के समक्ष रखा था। यदि वे कोटा-नीमच रेल लाइन में बिजौलियां व बेगूं को जोड़ने का प्रस्ताव समिति में रखते हैं, तो यह वर्षों पुरानी मांग पूरी हो सकती है।

### रेल कनेक्टिविटी से सेंडस्टोन व्यापार को मिलेगा बढ़ावा -

यदि बिजौलियां से होकर ट्रेन निकाली जाती है, तो इससे खनिज क्षेत्र विशेषकर सेंडस्टोन उद्योग को बड़ा लाभ मिलेगा। बिजौलियां से नीमच तक कृषि जिंसों का भी व्यापक व्यापार होता है, जो रेल मार्ग से और सशक्त हो सकता है।

# वर्षों पुराना भूमि विवाद आपसी सहमति से सुलझ गया

## "राड़ से बाड भली, खाता फटग्यो"–गोपाल कंवर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

ग्राम पंचायत बरडोद में आयोजित अंत्योदय शिविर में खातेदारों का वर्षों पुराना भूमि विवाद आपसी सहमति से सुलझ गया। गोपाल कंवर पत्नी शंकर सिंह निवासी बरडोद ने बताया कि उन्होंने 20 वर्ष पूर्व 2/3 हिस्सा भूमि क्रय की थी, जिस पर वे सहखातेदारों के साथ खेती कर रही थीं। भविष्य में विवाद से बचने के लिए उन्होंने शिविर में भूमि विभाजन की मांग की।

तहसीलदार भंवरलाल सेन ने मौके पर पटवारी व भू-अभिलेख निरीक्षक को आदेश देकर प्रस्ताव तैयार करवाया। खाता संख्या 221 की आराजी में से उपयोग में लिए जा रहे कुएं व रास्ते की भूमि को शामलात मानते हुए विभाजन प्रस्ताव अनुमोदित कर नामांतरण दर्ज कर दिया गया।



गोपाल कंवर ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यदि यह शिविर नहीं लगता तो बंटवारा संभव नहीं हो पाता। उन्होंने कहा–राड़ से बाड भली, खाता फटग्यो।

# आराध्या व्यास के नए रिकॉर्ड के साथ भीलवाड़ा ने जीते 7 पदक

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(पेसवानी)**

राज्य स्तरीय सब-जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक जीते। प्रतियोगिता में आराध्या व्यास ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में नया रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा उन्होंने 400 मीटर फ्री स्टाइल में रजत और 100 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक भी जीता।

बालिका वर्ग में ही निकिता चौधरी ने 100 मीटर बैक स्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में राजवीर दहिया ने 400 मीटर और 100 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीते।

4×50 मीटर मेडले रिले (बालिका वर्ग) में भीलवाड़ा टीम ने रजत पदक हासिल किया। इस टीम में आराध्या व्यास, निकिता चौधरी, अवंतिका ओझा और आरती तेली शामिल थीं।




यह जानकारी भीलवाड़ा तैराकी संघ के सचिव नरेश बुलिया ने दी।

## QUICK BITES

# मोहर्रम पर्व को लेकर माण्डलगढ़ थाने में सीएलजी सदस्यों की बैठक आहूत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



मांडलगढ़ : सीएलजी बैठक लेते डीवाईएसपी एवं उपस्थित सदस्य

नगर में 6 जुलाई को होने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मोहर्रम के लाइसेंसधारियो को मोहर्रम के गुजरने वाले मार्गों,निर्धारित समय की पालना कराने पर जोर दिया गया। वही बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया की बिजली के झूलते वायर,केबल के वायर को ठीक कराने पर वार्ता की गई। बैठक में मोहर्रम पर्व शांति से मनाने पर जोर दिया गया। बैठक थानाप्रभारी शंकरसिह, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अशोक जीनगर,पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष अर्जुन ब्रमभट्ट, पार्षद नीलकमल पटवा,पूर्व पार्षद घनश्याम दरोगा,आम जमात सदर जाकिर देशवाली,सद्दीक मंसूरी,रसीद मोहम्मद व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज जोशी,पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष केपी सिंह,भाजपा नेता जमनालाल सैन,पप्पू माली,अर्जुनसिंह, शाकिर अंसारी,पीर मोहम्मद पठान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिखर संगम' भीलवाड़ा में संपन्नः महिला सशक्तिकरण और सेवा का संदेश

## मंजू बांगड़ बोलीं - कार्यकर्ताओं का उत्साह ही संगठन की नींव



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राष्ट्रीय माहेश्वरी महिला संगठन का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम ÷शिखर संगम÷ भीलवाड़ा में प्रदेश, जिला और नगर संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर की करीब 200 महिला पदाधिकारी शामिल हुईं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ ने कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण ही संगठन को शिखर तक पहुंचाता है। उन्होंने संगठन को इंजन से जोड़ते हुए कहा कि इंजन खुद जलकर भी सबको मंजिल तक ले जाता है।÷

कार्यक्रम में आत्मरक्षा कार्यशाला, कन्यादान योजना, मेडिकल बैंक विस्तार, छात्रवृत्ति योजना तथा सेवाश्रम के बच्चों हेतु भोजन की थाली वितरण योजना की शुरुआत की गई।

राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी ने कहा, ÷जब तक आप सुनेंगे नहीं, बोल नहीं पाएंगे। जब तक पढ़ेंगे नहीं, लिख नहीं पाएंगे।÷ उन्होंने योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष किरण लड्डा, पूर्व अध्यक्ष आशा माहेश्वरी, उपाध्यक्ष मधु बाहेती, संयुक्त मंत्री शिखा भदादा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

आयोजन की सफलतापूर्वक रूपरेखा में मोना डाड, विनीता तोषनीवाल, भारती बाहेती, सोनल माहेश्वरी, निशा काकानी, अंकिता राठी, स्नेहलता तोषनीवाल, सीमा बिड़ला, मधु डाड, संध्या आगीवाल सहित पूरी टीम की विशेष भूमिका रही।

शिखर संगम महिलाओं को संगठित कर उन्हें नेतृत्व व सामाजिक परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करने वाला मंच बनकर सामने आया।

# टेक्सटाइल कॉलेज के रिटायर्ड कर्मचारियों का धरना, पेंशन लाभ न मिलने पर जताया आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

माणिक्य लाल वर्मा टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कॉलेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने शनिवार को पेंशन लाभ नहीं मिलने पर कॉलेज परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। पेंशन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष प्यारचंद कोली ने बताया कि कर्मचारियों ने सरकार के आदेशानुसार विकल्प पत्र भर 5 करोड़ रुपये पेंशन पीएफ खाते में जमा कराए, लेकिन आरटीयू कोटा में पेंशन योजना लागू न होने से इन्हें लाभ नहीं मिल पाया।

तीन सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन की आस में दम तोड़ चुके हैं, बाकी कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान पूर्व प्राचार्य शैलेंद्र शर्मा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंद वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र पेंशन परिलाभ देने की मांग की।

# सावर में मादक पदार्थों की तस्करी के वांछित आरोपी गिरफ्तार

## दो साल पहले कार में छोड़ गए थे 78 किलो डोडा पोस्त, अब सावर पुलिस ने दबोचा

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी

**दिलखुश मोटीस**

सावर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के एक पुराने प्रकरण में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई सावर थाना प्रभारी बनवारीलाल मीणा के नेतृत्व में की गई।

**कार छोड़कर भागे थे तस्कर, 78 किलो डोडा पोस्त बरामद**

थाना प्रभारी मीणा ने जानकारी दी कि 10 सितंबर 2023 को शाहपुरा गेट चौराहे पर कार ने एक गाय को टक्कर मार दी थी, जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कार सवार आरोपी मौके से भाग निकले।



केकड़ीः मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार वांछित आरोपी

सूचना पर तत्कालीन थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और लावारिस हालत में खड़ी कार की तलाशी ली। कार से 4 कट्टों में कुल 78 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ था । पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार मालिक व आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी।

**भीलवाड़ा के मांडलगढ़ क्षेत्र से दबोचे गए आरोपी -**

पुलिस ने लगातार प्रयासों और सूचना तंत्र की सहायता से दो वर्ष बाद इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । इसमें लक्ष्मण मीणा (30) पुत्र नंदा मीणा, निवासी देवीसिंह जी का खेड़ा, थाना मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा एवं लोकेश कुमार सुथार (24) पुत्र जगदीश खाती, निवासी पिताजी का खेड़ा, थाना मांडलगढ़, जिला भीलवाड़ा शामिल है ।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# भीलवाड़ा में वैश्य फेडरेशन द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, जिला भीलवाड़ा के तत्वावधान में रेलवे स्टेशन चौराहे पर श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस्कॉन द्वारा आयोजित रथ यात्रा में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, आरती और विशाल प्रसाद वितरण के माध्यम से भक्ति भाव से भाग लिया।

कार्यक्रम में फेडरेशन के संभाग अध्यक्ष एवं सांसद दामोदर अग्रवाल, संयोजक अंकित सोमानी, युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, कल्पेश चौधरी, ललित अग्रवाल, लीला राठी सहित कई पदाधिकारी एवं समाजबंधु सेवा भाव के साथ मौजूद रहे।

पूरे आयोजन में अनुशासन, समर्पण और सामाजिक एकता की अद्भुत मिसाल देखने को मिली। फेडरेशन ने न केवल स्वागत, बल्कि मार्गदर्शन, स्वच्छता और व्यवस्था में भी उत्कृष्ट आयोजन कर धार्मिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।


# हरि शेवा उदासीन आश्रम में गुरुओं की वर्सी पर सेवा-सुमिरन का अनुपम संगम

## 29 जून को बाबा गंगाराम साहब जी की 29वीं वर्सी पर विविध धार्मिक अनुष्ठान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेसवानी**

हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर, भीलवाड़ा में चल रहे वार्षिक गुरु वर्सी उत्सव का तीसरा दिन भक्ति, सेवा और सुमिरन से ओतप्रोत रहा। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने प्रवचन में कहा कि ÷सेवा-सुमिरन ही जीव का आधार है।÷ तन, मन और धन समर्पण से ही जीवन दुखों से मुक्त होता है। तीसरे दिन का शुभारंभ हवन-यज्ञ और वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। अन्न क्षेत्र सेवा के पश्चात सत्संग सत्र में देशभर से आए संत-महात्माओं ने प्रवचन दिए। श्रीमहंत स्वरूपदास (अजमेर) ने भावपूर्ण भजन ÷आशीष का हथड़ा मुहिंजा साई मुतें रखजो÷ सुनाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रीमहंत आत्मदास (उज्जैन), हनुमानराम (पुष्कर), स्वामी अमरलाल





(राजकोट), अर्जुनदास, ईसरदास (अजमेर), मोहनदास चंदन (इंदौर) सहित कई संतों ने विचार रखे।

आश्रम के बालक सिद्धार्थ व इन्द्रदेव उदासीन ने संत कृष्णदास कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग में संत सेवा ही प्रभु प्राप्ति का सर्वोत्तम मार्ग है।

### राम-श्याम पार्टी ने भजन संध्या में बांधा समां -

सांयकालीन सत्र में नितनेम, श्रीमात्रा साहब पाठ, हनुमान चालीसा व भजन संध्या हुई, जिसमें भोपाल से आई राम-श्याम पार्टी ने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### 29 जून को मुख्य आयोजन -

उत्सव का मुख्य आयोजन 29 जून रविवार को सतगुरु बाबा गंगाराम साहब जी की 29वीं वर्सी पर होगा। इस दिन श्रीरामायण पाठ, अखण्ड पाठ, मंडल पूजन, हवन-यज्ञ, अन्न क्षेत्र सेवा और भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन संतों की उपस्थिति में सत्संग एवं विश्व शांति प्रार्थना से होगा।

पूरे आश्रम को विद्युत सज्जा से सुसज्जित किया गया है और देश-विदेश से श्रद्धालु बड़ी संख्या में आश्रम पहुंच रहे हैं।

# भीलवाड़ा में वस्त्र उद्योग पर उच्च स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

## इटमा एशिया सिंगापुर और मोर दैन ट्रैवल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



होटल रणबंका हेरिटेज में आयोजित एक उच्च स्तरीय सम्मेलन में वस्त्र उद्योग की चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन इटमा एशिया सिंगापुर और मोर दैन ट्रैवल प्रा. लि., गुड़गांव के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

सम्मेलन में डीपी मंगल (अध्यक्ष, लग्नम स्पिनटैक्स व एमसीसीआई), आरके जैन (महासचिव, एमसीसीआई) और डैफने पून (इटमा सर्विसेज प्रा. लि.) सहित कई प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार रखे। उन्होंने कच्चे माल की लागत, बदलते बाजार,आधुनिकीकरण और स्थिरता को लेकर प्रमुख मुद्दे उठाए और वस्त्र रीसाइक्लिंग व नवाचार में संभावनाएं बताईं। डैफने पून ने सम्मेलन में भीलवाड़ा के वस्त्र उद्योग के लिए इटमा एशिया की प्रतिबद्धता जताई और चर्चाओं की गुणवत्ता की सराहना की। मोर दैन ट्रैवल प्रा. लि. ने आयोजन में अहम भूमिका निभाई और इटमा एशिया सिंगापुर 2025 (28-31 अक्टूबर) के लिए विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा की, जो वस्त्र उद्यमियों को वैश्विक अवसरों से जोड़ेगा।

# विधायक बैरवा ने धनोप शिविर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शनिवार को धनोप ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । विधायक बैरवा ने शिविर में निक्षय पोषण किट वितरित की और ÷एक पौधा माँ के नाम÷ अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। शिविर में 117 नए आवास स्वीकृत, 7 जॉब कार्ड जारी, 10 पेंशन सत्यापन, 8 खाद्य सुरक्षा फार्म स्वीकृत, 15 पट्टे, 21 रास्ता विवाद समाधान सहित कई कार्य संपन्न हुए। इस दौरान शिविर प्रभारी एसडीएम श्रीकांत व्यास, प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, चिकित्सा, राजस्व, कृषि, वन और आंगनवाड़ी स्टाफ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# महासाध्वी कुमुदलता जी म.सा. का भीलवाड़ा आगमन आज, चातुर्मास के लिए नगर प्रवेश सोमवार को

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



पूज्य महासाध्वी डॉ. कुमुदलता जी म.सा. आदि ठाणा 4 का चातुर्मास इस वर्ष भीलवाड़ा में होगा। वे रविवार सुबह सुखाड़िया नगर स्थित जीतो हाउस पहुंचेंगी। नगर प्रवेश 30 जून, सोमवार को प्रातः 6 बजे होगा, जिसमें विहार कर महासाध्वी मण्डल आदिनाथ भवन, कांचीपुरम पहुंचेगा। चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 8 जुलाई को सुभाषनगर जैन स्थानक में होगा। आयोजन समिति के सचिव राजेन्द्र सुराना ने बताया कि इस आयोजन में राज्यपाल हरिभाउ बागड़े, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई अतिथियों के आने की संभावना है। चातुर्मास के दौरान हर गुरुवार को मंगल अनुष्ठान, शुक्रवार को पद्मावती एकासना, शनिवार को प्रश्न मंच व रविवार को बच्चों के लिए संस्कार शिविर होंगे। प्रतिदिन प्रार्थना, प्रवचन, धर्मचर्चा व प्रतिक्रमण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# ग्रीष्मकालीन वॉलीबाल शिविर का समापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल शाहपुरा में आयोजित ग्रीष्मकालीन वॉलीबाल शिविर का समापन हुआ।शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वॉलीबाल के विभिन्न तकनीकी कौशल सीखे। समापन के अवसर पर कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ईश्वर मीणा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए।विद्यालय प्रबंधन ने प्रशिक्षकों मूलचंद खटीक , शंकर रैदास ,इस्लाम कायमखानी एवं माया कोली एवं खिलाड़ियों की सराहना की और 15 दिवस के इस शिविर में खिलाड़ियों द्वारा खेल के साथ-साथ अनुशासन होना भी जरूरी है जैसे विषय पर खिलाड़ियों को संबोधित किया । इस अवसर पर यंग स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार और सचिव राजेंद्र धाभाई भी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# कृषक वैज्ञानिक संवाद संगोष्ठी में किसानों ने ली उन्नत तकनीकी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



कृषि विज्ञान केन्द्र, भीलवाड़ा पर आत्मा योजना के तहत दो दिवसीय खरीफ पूर्व कृषक-वैज्ञानिक संवाद संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. जे.पी. मिश्रा (आईसीएआर, जोधपुर) ने अधिक उत्पादन हेतु आधुनिक तकनीकों और संतुलित उर्वरक उपयोग की आवश्यकता बताई। डॉ. लोकेश गुप्ता (एमपीयूएटी, उदयपुर) ने कम लागत में ज्यादा उत्पादन व व्यावसायिक खेती को अपनाने की सलाह दी। डॉ. सी.एम. यादव ने खरीफ फसलों की समस्याओं और समाधान की जानकारी दी। मीना कुमारी, उपनिदेशक आत्मा ने योजनाओं और अनुदान का लाभ लेने का आह्वान किया। डॉ. के.सी. नागर ने खरपतवार प्रबंधन व फसल विविधता पर बात की, जबकि डॉ. राजेश जलवानियाँ ने पॉलीहाउस और विदेशी सब्जियों से आमदनी बढ़ाने की जानकारी दी। अनिता यादव ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खेती करने की सलाह दी। संगोष्ठी में जिले के 28 किसानों ने भाग लिया।

# जीतो लेडिज विंग ने 'बटर इट बैटर' वर्कशॉप से महिलाओं को दी स्वरोजगार की प्रेरणा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग ने शनिवार को सुखाड़िया नगर स्थित जीतो हाउस में ÷बटर इट बैटर÷ केक बुटिक वर्कशॉप का आयोजन किया। विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल ने बताया कि यह वर्कशॉप महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक कदम है।

वर्कशॉप में केक मेकर सुरभि पोखरना ने चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी, मैंगो व रसमलाई फ्लेवर के केक बेकिंग व डेकोरेशन की तकनीकें सिखाईं। प्रतिभागियों को घर पर व्यवसाय शुरू करने की दिशा में प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका अंकिता सेठी, सह संयोजिकाएं प्रीति सुराणा व शोभिका खंजाची रहीं। आयोजन में मनीष शाह, नीतू चोरड़िया, पलक भड़कतिया, सुनीता पाटनी, रेखा चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# फतहनगर से 71 बसों की दो दिवसीय मां जोगणियॉं धाम यात्रा 6 जुलाई को होगी रवाना

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

उदयपुर के फतहनगर क्षेत्र से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 71 बसों की जोगणियॉं माताजी की विशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय यात्रा 6 जुलाई को फतहनगर से प्रस्थान करेगी, जिसका समापन 7 जुलाई को छप्पन भोग व महाप्रसादी के साथ होगा। जानकारी के अनुसार रविवार, 6 जुलाई को फतहनगर से यात्रा प्रस्थान करेगी । रात को 8 बजे रामलीला मैदान, जोगणियॉं माता में भजन संध्या , 7 जुलाई को 251 गांवों की प्रभात फेरी , छप्पन भोग का आयोजन होगा।




'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890